स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 15.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

40 छोटे–बड़े अवैध कब्जे हटाये गये

भिलाईनगर/ नगर निगम क्षेत्र में हुए अवैध कब्जों को मुक्त करने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जोनवार बेदखली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 06 रिसाली क्षेत्र के जोन आयुक्त, नायब तहसीलदार, राजस्व अमला, मुख्य कार्यालय के तोड़फोड़ दस्ता, पुलिस प्रशासन, जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, एवं निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में पुराने पटवारी कार्यालय से कृष्णा टॉकिज रोड तक शुक्रवार को वृहद बेदखली अभियान चलाकर 40 छोटे–बड़े अवैध कब्जे को हटाया।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने कलेक्टर एवं निगम जनदर्शन में शहर में बड़ रहे अवैध कब्जे के प्राप्त आवेदनों को संज्ञान में लेकर सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया था कि अपने जोन क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे की सूची तैयार कर चिन्हित करते हुए अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर किये गये अतिक्रमण हटाने को कहें और नोटिस के मियाद पुरे होने पर बेदखली अभियान चलाकर अवैध कब्जे को बेदखल करें। जिसके लिए आयुक्त ने सप्ताह में दो दिन शुक्रवार एवं शनिवार को अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाने के लिए निर्धारित किया था । जोन 06 का राजस्व अमला, नायब तहसीलदार की अजय चौबे की उपस्थिति में जोन आयुक्त डी0के0 वर्मा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की मौजुदगी में कृष्णा टॉकिज रोड के सामने से सड़क के किनारे किये गये अवैध कब्जे को प्रातः 11 बजे से बेदखल करने की कार्यवाही प्रारम्भ किया।

बेदखली अभियान की टीम पहुंची तो वहॉ के व्यापारियों ने स्वयं से ही किये गये कब्जे को हटाना प्रारम्भ किया जा चुका था आम नागरिकों के द्वारा मौके पर निगम के अधिकारियों से शिकायत किये कि वाहन विक्रेता के द्वारा सर्विस रोड पर निगम से बिना अनुमति लिए वाहन मेला का पण्डाल लगाकर वाहन का विक्रय किया जा रहा था उनके द्वारा स्वयं से ही कब्जा खाली किया गया। सड़क के किनारे बांस, बल्ली, कच्चे ईंट, पान ठेले एवं विज्ञापन के बोर्ड जो अवैध रुप से सड़क के किनारे रखे गये थे उसे बेदखली की कार्यवाही करते हुए 40 छोटे–बड़े अवैध कब्जो पर कार्यवाही कर मार्ग में हुए अतिक्रमण को हटाया गया। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा है कि शहर की यातायात को सुगम बनाने सड़क पर किये गये अतिक्रमण को व्यापारी स्वयं हटाकर निगम का सहयोग करें बेदखली अभियान जोनवार लगातार प्रत्येक सप्ताह चलाया जायेगा।

कार्यवाही में जोन आयुक्त डी0के0 वर्मा, नायब तहसीलदार अजय चौबे, सहायक अभियंता एम. पी. देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर, सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, तोड़फोड़ प्रभारी श्री यतीन्द्र नाथ देवांगन, जोन अध्यक्ष भुपेश ठाकुर, पार्षदगण चुम्मन देशमुख, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, मोनिका जितेन्द्र चन्द्राकर, धनुष वर्मा, मदन मोहन तिवारी, गोपाल सिन्हा, मुरली यादव, कन्हैया लाल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजुद थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

रिसाली A.P.S के पास
JCB